**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 453**
**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## छोटे वस्त्र पार्क

**453. थिरु दयानिधि मारन:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) तमिलनाडु में तकनीकी वस्त्र केन्द्रों और छोटे वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों का ब्यौरा क्या है और इन केन्द्रों को राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप बनाने की क्या योजना है;

(ख) क्या 1400 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन बजट के एक हिस्से को तमिलनाडु में वस्त्र केन्द्रों के विकास के लिए आबंटित किया जाएगा और इन केन्द्रों की ओर निजी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अतिरिक्त निधियन अथवा प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आवंटित/संवितरित और व्यय की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और मदवार व्यय का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या तमिलनाडु में परिवहन, बिजली और पानी की सुविधाओं सहित इन केन्द्रों की सहायता के लिए अवसंरचना विकास की योजना बनाई गई है और प्रस्तावित केन्द्र तिरुपुर, करूर और इरोड जैसे जिलों में मौजूदा कपड़ा समूहों के साथ कैसे एकीकृत होंगे?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क), (ख) और (घ):** राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के तहत, किसी भी राज्य (तमिलनाडु सहित) में टेक्निकल टेक्सटाइल्स हब और मिनी टेक्सटाइल्स पार्क स्थापित करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, एनटीटीएम के तहत तमिलनाडु में टेक्सटाइल्स हब के विकास के लिए बजट का कोई हिस्सा विशेष रूप से निर्धारित नहीं किया गया है।

तथापि, पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल पार्क (पीएम मित्र पार्क) योजना के तहत, सरकार ने तमिलनाडु (विरूद्धनगर) में एक पार्क सहित 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। पीएम मित्र योजना के तहत, 1000+ एकड़ के निकटस्थ और बाधारहित भूखंड का आसानी से उपलब्धता वाले राज्य सरकारों को योजना के तहत आवेदन के लिए पात्र माना गया था।

**(ग):** एनटीटीएम के तहत, विभिन्न प्रमुख संस्थानों को अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए निधि जारी की जाती है और राज्यवार निधि जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है।

पिछले तीन वर्षों में एनटीटीएम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आवंटित/संवितरित और खर्च की गई निधि का विवरण निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | आवंटित बजट (करोड़ रुपए में) | जारी कुल निधि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 60 | 59.69 |
| 2022-23 | 37 | 37 |
| 2023-24 | 200 | 61 |
| **कुल** | **297** | **157.69** |

****